दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 19 | पंचकूला। सोमवार, 23 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4




**सुविचार**

न ही कद बड़ा होता है और न ही पद बड़ा होता है, बड़ा तो वो होता है जो मुसीबत में एक-दूसरे के लिए हमेशा खड़ा होता है।

## एक नजर

### नाबालिग लड़की अगवा कर दिल्ली ले गया आरोपी गिरफ्तार

**पंचकूला।** 11 वर्षीय नाबालिग लड़की को अगवा कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस नाबालिग को दिल्ली से सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंप दिया। आरोपी को अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शिकायतकर्ता द्वारा थाना चण्डीमन्दिर में दी गई शिकायत में बताया गया कि उसकी नाबालिग बेटी को पड़ोस में रहने वाला युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस थाना टीम ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल सिंह के नेतृत्व में पीड़िता को दिल्ली से सुरक्षित बरामद किया।

# IDFC फर्स्ट बैंक में हरियाणा सरकार के अकाउंट से 590 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**नई दिल्ली।** IDFC फर्स्ट बैंक में हरियाणा सरकार के अकाउंट में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बैंक ने रिपोर्ट किया कि चंडीगढ़ की एक ब्रांच में हरियाणा सरकार के अकाउंट से जुड़ी 590 करोड़ रुपये की बिना इजाजत और धोखाधड़ी वाली गतिविधि पाई गई।

IDFC फर्स्ट बैंक ने कहा कि उसकी चंडीगढ़ ब्रांच के कुछ कर्मचारी हरियाणा सरकार से जुड़े अकाउंट से 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में शामिल थे।

**बैंक कर्मचारी धोखाधड़ी में शामिल :** IDFC फर्स्ट बैंक ने कहा कि उसकी चंडीगढ़ ब्रांच के कुछ कर्मचारी हरियाणा सरकार से




जुड़े अकाउंट से 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में शामिल थे।

बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए कहा, ÷बैंक लागू कानून के अनुसार, कर्मचारियों और दूसरे बाहरी लोगों के खिलाफ सख्त डिसिप्लिनरी, सिविल और क्रिमिनल कार्रवाई करेगा।

बयान मे आगे कहा गया, हरियाणा सरकार के एक खास डिपार्टमेंट से जानकारी मिलने पर शुरुआती इंटरनल असेसमेंट के आधार पर, बैंक ने चंडीगढ़ की एक खास ब्रांच में कुछ कर्मचारियों द्वारा बिना इजाजत और धोखाधड़ी वाली गतिविधियों से जुड़ी एक घटना की पहचान की है, और इसमें शायद दूसरे लोग/एंटिटी/काउंटरपार्टी भी शामिल हो सकते हैं।

IDFC First Bank ने कहा कि अब तक पहचाने गए अकाउंट्स में कुल रकम 590 करोड़ रुपये है और घटना का असर आगे की जानकारी मिलने और क्लेम के वैलिडेशन के बाद तय किया जाएगा।

लेंडर ने कहा कि पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज की गई है। इसके अलावा, लेंडर एक इंडिपेंडेंट फोरेंसिक ऑडिट करने के लिए एक इंडिपेंडेंट बाहरी एजेंसी को नियुक्त करने की प्रक्रिया में है।

### ऐसे चला गड़बड़ी का पता

धोखाधड़ी का पता तब चला जब बैंक को हरियाणा सरकार के एक खास डिपार्टमेंट से अपना अकाउंट बंद करने और दूसरे बैंक में फंड ट्रांसफर करने की रिक्वेस्ट मिली। इस प्रोसेस के दौरान, बताई गई रकम और अकाउंट में असली बैलेंस के बीच अंतर देखा गया। 18 फरवरी, 2026 के बाद से, हरियाणा सरकार की दूसरी कंपनियों ने अपने-अपने अकाउंट के बारे में बैंक से बात की, जिससे अकाउंट बैलेंस और सरकारी कंपनियों द्वारा क्लेम की गई रकम के बीच और अंतर सामने आया।

## रूपाली-विनीत जैन ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से की शिष्टाचार भेंट



**पंचकूला, 22 फरवरी।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के पंचकूला निवास पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री जेपी नड्डा से पंचकूला की भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजसेवी रूपाली जैन और विनीत जैन ने शिष्टाचार भेंट की।दोनों युवा नेताओं ने पुष्प गुच्छे के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान रूपाली जैन और विनीत जैन ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक विषयों और क्षेत्र के विकास को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भाजपा पंचकूला के सभी कार्यकर्ताओं से परिचय कराया । इस अवसर पर भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## सनातन हिंदू सम्मेलन में दिया एकता व संस्कृति का संदेश

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**पंचकूला।** सेक्टर-16 में आयोजित विराट सनातन हिंदू सम्मेलन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र भावना से ओत-प्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य सनातन मूल्यों की महिमा का प्रसार तथा सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना रहा।



मुख्य वक्ता श्रद्धेय जगन्नाथ वर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन संस्कृति केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है, जो मानवता, सेवा और सद्भाव का संदेश देती है। उन्होंने युवाओं से भारतीय परंपराओं को आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि विष्णु अत्रावत जी ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने समाज में समरसता और संगठन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जब समाज एकजुट होता है तो राष्ट्र सशक्त बनता है।

कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा की पूर्व प्रवक्ता रंजीता मेहता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता और गौरव की अनुभूति हुई। ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता, समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सनातन धर्म की अखंडता को सुदृढ़ करते हैं।

सम्मेलन के दौरान भजन, मंत्रोच्चार और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया और समाज की एकता व राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के निवास पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का आगमन

### संगठन सुदृढ़ीकरण और जनसेवा पर हुई सार्थक चर्चा

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता श्री जे.पी. नड्डा का पंचकूला स्थित राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा के निवास पर आगमन हुआ। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला।

पंचकूला से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता श्री प्रदीप गोयल को इस विशेष अवसर पर श्री जे.पी. नड्डा के स्वागत एवं सत्कार का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

इस दौरान पार्टी संगठन की मजबूती, जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाने तथा प्रदेश के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक



चर्चा हुई। श्री नड्डा ने कार्यकर्ताओं को समाज सेवा और संगठन विस्तार के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

यह मुलाकात पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने तथा जनहित के कार्यों को गति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## जेपी नड्डा से मिलीं रंजीता मेहता विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श

**पंचकूला।** हरियाणा भाजपा की पूर्व प्रवक्ता एवं राज्य बाल कल्याण परिषद की पूर्व मानद महासचिव रंजीता मेहता ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्?डा से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान समसामयिक राजनीतिक



विषयों एवं संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। रंजीता मेहता ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा जैसे अनुभवी और दूरदर्शी नेता से मिलना उनके लिए प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा कि नड्डा जी के साथ संवाद के दौरान उन्हें संगठन की कार्यशैली, जनसेवा के दृष्टिकोण और नेतृत्व के गुणों को निकट से समझने का अवसर मिला।

रंजीता मेहता ने बताया कि केंद्रीय मंत्री का सादगीपूर्ण व्यवहार और कार्य के प्रति समर्पण प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को मजबूत करने और समाज के विभिन्न वर्गों तक सरकार की नीतियों को पहुंचाने के लिए निरंतर संवाद और समन्वय आवश्यक है। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## सिपाही अवतार की सड़क हादसे में मौत, पुलिस बल ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- परिवार के साथ-साथ पुलिस बल की भी बहुत बड़ी हानि है – नवदीप सिंह विर्क
- पुलिस आयुक्त पंचकूला श्री शिवास कविराज (एडीजीपी) ने प्रकट की संवेदना

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**पंचकूला/22 फरवरी।** दिनांक 21 फरवरी 2026 को देर शाम हुए एक सड़क हादसे में सिपाही अवतार सिंह (नं. 609), पंचकूला का दुखद निधन हो गया। उनकी पैरेन्ट यूनिट पंचकूला थी तथा वे वर्तमान में हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे।



स्वर्गीय अवतार सिंह का अंतिम संस्कार दिनांक 22 फरवरी 2026 को अंबाला जिले के कराधान गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनके पुत्र जशनदीप सिंह ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में उनके पिता मंगल सिंह, माता रंजीत कौर, पत्नी गुरप्रीत कौर, भाई जागताश सिंह, बहन रजिन्दर व बलजीन्दर, बेटी सिमरन कौर सहित परिवारजन, पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी तथा गांव के लोग उपस्थित रहे। विदित हो कि सिपाही अवतार सिंह का जन्म 15 जनवरी 1977 को अंबाला जिले के समालखा गांव में हुआ था। 12वीं की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात वे सेना में भर्ती हुए। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद 28 जुलाई 2014 को हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती होकर सेवाएं दे रहे थे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो श्री नवदीप सिंह विर्क ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवार के साथ-साथ पुलिस बल के लिए भी बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

पुलिस आयुक्त श्री शिवास कविराज ने अपने संदेश में कहा कि एक समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मी का असामयिक निधन अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिवार के प्रति उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की। पुलिस महानिरीक्षक श्री कुलदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता तथा पुलिस अधीक्षक श्री दीपक सहारन ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

## ट्रेडिंग के नाम पर 76.50 लाख रुपए की ठगी

**पंचकूला।** अवैध ट्रेडिंग प्लान ÷बीएफएक्स ट्रेडिंग स्कीम÷ के नाम पर 76 लाख 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। साइबर क्राइम थाना सेक्टर-20 पंचकूला में इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

शिकायतकर्ता बरवाला निवासी मुनिश मल्होत्रा ने पुलिस आयुक्त पंचकूला को दी शिकायत में बताया कि वह पोल्ट्री फार्मो पर मक्का और बाजरा सप्लाई का काम करता है। उनकी मुलाकात 13 सितंबर 2023 को सेक्टर-20 पंचकूला की मुख्य मार्केट में कालका निवासी अमित खेड़ा से हुई। अमित खेड़ा ने खुद को बीएफएक्स ट्रेडिंग स्कीम से जुड़ा बताते हुए 6 प्रतिशत मासिक लाभ का लालच दिया और कभी भी मूल राशि वापस करने का भरोसा दिलाया। उसने अपने चार अन्य सहयोगियों यमुनानगर निवासी रमेश दत्ता, कालका निवासी हरनेक सिंह, यमुनानगर निवासी हेमंत भटनागर और कालका निवासी विनय को भी इस योजना में साझेदार बताया। शिकायत के अनुसार आरोपितों ने कालका और गोविंदपुरी मार्केट, यमुनानगर में कार्यालय होने का दावा किया और वहां बुलाकर स्कीम का प्रेजेंटेशन दिया। पंचकूला के होटलों में भी बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान आरोपितों ने व्हाट्सएप के माध्यम से ट्रेडिंग प्लान की पीडीएफ और बाद में दो ऐप भेजकर डाउनलोड करवाई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने साफ कहा कि जो करना है कर लो, हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। इसके बाद भी घर जाकर राशि की मांग करने पर पैसे देने से मना कर दिया गया। जब पीड़ित ने अपनी मूल राशि वापस मांगी तो आरोपितों ने टालमटोल शुरू कर दी। 13 दिसंबर 2025 को कालका के एक होटल में बैठक बुलाई गई, जहां अन्य राज्यों के कई पीड़ित भी मौजूद थे।

**ऐसे हुआ निवेश और ठगी :** पीड़ित के अनुसार 20 सितंबर 2023 को 2,67,000 रुपये आरटीजीएस से ट्रांसफर किए गए। 5 अक्टूबर 2023 को 9,00,000 रुपये नकद दिए गए। इसके बाद अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग माध्यम से कुल 76,50,000 रुपये का निवेश किया गया।लगभग 20 लाख रुपये नकद और 56 लाख बैंक ट्रांसफर के माध्यम से विभिन्न खातों में जमा कराए गए। आरोप है कि आरोपितों द्वारा बनाए गए फर्जी अकाउंट में डालर के रूप में राशि रिफलेक्ट होती दिखती थी और ऐप में फर्जी ट्रेडिंग डेटा व मुनाफा प्रदर्शित किया जाता था।

## सनातन संस्कृति हमारी पहचान और राष्ट्र की आत्मा : कुलभूषण गोयल

**पंचकूला।** सेक्टर-6 के पार्क नंबर 605 में आयोजित हिंदू सम्मेलन में पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति हमारी पहचान और राष्ट्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित, जागरूक और संस्कारित बनाने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

कुलभूषण गोयल ने कहा कि सनातन परंपराएं हमें सत्य, सेवा और सद्भाव का मार्ग दिखाती हैं। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी अपने सांस्कृतिक मूल्यों को समझे और उन्हें जीवन में अपनाए। उन्होंने समाज में बढ़ती चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि एकजुटता और



आपसी भाईचारा ही हर समस्या का समाधान है। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। सम्मेलन जैसे मंच सामाजिक समरसता को मजबूत करने और सांस्कृतिक चेतना जागृत करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर अरुणा मग्गो, रुबि बंसल, एससी अग्रवाल, वीके सूद, विकास जिंदल, रिंपी नैन, पूनम बांगा, भारती, अंजना, आशीष रामपाल, डीबी खन्ना, रिषभ जैन, विनोद अग्रवाल, कथावाचक आचार्य महेश नौटियाल, रविंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

**संशय** भारत पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगना था, अब ट्रप ने खुद ही ग्लोबल टैरिफ 15 प्रतिशत किया

## टैरिफ में बदलाव के बीच भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बैठक टली

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर होने वाली बैठक टल गई है।

बैठक 23-26 फरवरी को वॉशिंगटन में होनी थी। दरअसल समझौते में भारत को 18त्न टैरिफ देना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे।

जिसके बाद ट्रम्प ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया। अब ट्रम्प का 15% ग्लोबल टैरिफ लागू हो रहा है, जो डील वाले 18% से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ने तय किया कि इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख



तय की जाएगी। बैठक के टलने से अब इस ट्रेड डील में देरी हो सकती है। बता दें, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रंप के बड़े टैरिफ उपायों को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि एग्जीक्यूटिव ब्रांच ने इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करके बड़े पैमाने पर इंपोर्ट ड्यूटी लगाकर अपने संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन किया है।

जजों ने 6-3 के फैसले में कहा कि दुनिया भर से अमेरिका में आने वाले प्रोडक्ट्स पर टैरिफ लगाने के ट्रंप के आक्रामक तरीके की 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) नाम के कानून के तहत इजाजत नहीं थी। इस फैसले से ट्रंप के कई, लेकिन सभी नहीं, टैरिफ अमान्य हो गए। गवर्नरों के साथ मीटिंग के दौरान इस बारे में बताए जाने के बाद गुस्साए ट्रंप ने फैसले को शर्मनाक बताया।

### नए अपडेट का अध्ययन करेंगे दोनों देश

एक सीनियर अधिकारी ने पुष्टि की है कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय टीम का वॉशिंगटन का प्रस्तावित दौरा बाद में होगा। पहले दोनों पक्ष अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से निकले हालिया अपडेट का दोनों देश अध्ययन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मीटिंग के लिए एक नई तारीख तय करने का फैसला किया जाएगा जो दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक हो। बता दें, शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में बड़े झटके के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को ग्लोबल टैरिफ 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। ट्रूथ सोशल पर बात करते हुए ट्रंप ने लिखा, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के कई महीनों के सोच-विचार के बाद, कल जारी किए गए टैरिफ पर बेतुके, खराब तरीके से लिखे गए और बहुत ज्यादा अमेरिका विरोधी फैसले की पूरी और विस्तार से की गई समीक्षा के आधार पर मैं अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर देशों पर तुरंत लागू होने वाले 10 फीसदी ग्लोबल टैरिफ बढ़ाऊंगा, जिनमें से कई देश दशकों से बिना किसी बदले के (जब तक मैं नहीं आया!) अमेरिका को लूट रहे हैं, इसे पूरी तरह से मंजूर और कानूनी तौर पर टेस्ट किए गए 15 फीसदी लेवल तक बढ़ा दूंगा।

# पाकिस्तान समर्थित ड्रग कार्टेल से जुड़े छह लोग 4.8 किलोग्राम हेरोइन और पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**फरीदकोट, 22 फरवरी।** पंजाब में फरीदकोट पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ कर सेना के एक जवान और बर्खास्त पुलिसकर्मियों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 4.8 किलोग्राम हेरोइन, एक .30 बोर की पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान लुधियाना निवासी जरनैल सिंह उर्फ गोल्डी (वर्तमान में भारतीय सेना में कार्यरत) अमरदीप सिंह उर्फ बॉक्सर (पीएपी कैडर के बर्खास्त कर्मचारी) और फिरोजपुर निवासी डिंपल रानी; मोगा निवासी रमनदीप कौर, सरबजीत सिंह उर्फ सब्बा और अमृतपाल सिंह उर्फ अभिजोत के रूप में हुई है। पुलिस ने नशीले पदार्थों की बरामदगी के अलावा 30,000 रुपए ड्रग मनी भी जब्त की और उनके दो वाहन थार और एक्सयूवी-500 को भी जब्त कर लिया।

वे इन वाहनों का इस्तेमाल ड्रग तस्करी के लिए करते थे।

यादव ने कहा कि यह सफलता सुनियोजित, खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान और दो महीने तक जेल में हुई गुप्त जांच का नतीजा है, जिससे गिरोह के गहरे संबंधों का पर्दाफाश हुआ है।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के सीधे संपर्क में थे, जो ड्रोन का इस्तेमाल करके हेरोइन की खेप भारतीय क्षेत्र में भेज रहे थे। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में सभी संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। ऑपरेशन का ब्यौरा देते हुए एसएसपी फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि 20-21 फरवरी की दरमियानी रात सीआईए स्टाफ की एक टीम ने ग्रीन एवेन्यू के पास एक थार गाड़ी को रोका।

डीएसपी (फरीदकोट) तरलोचन सिंह की देखरेख में तलाशी ली गई, जिसमें 1.008 किलोग्राम हेरोइन और ड्रग मनी बरामद हुई, जिसके बाद गाड़ी में सवार चार लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

एसएसपी ने बताया, बाद में पूछताछ के दौरान पता चला कि यह खेप अमरदीप सिंह उर्फ बॉक्सर द्वारा एक वाहन में लाई गई थी। पुलिस टीमों ने गोलेआना सेमनाला गांव के पास बॉक्सर और उसकी सहयोगी डिंपल रानी को रोका और उनके पास से 3.796 किलोग्राम हेरोइन और एक .30 बोर की पिस्तौल बरामद की। डॉ. जैन ने आगे बताया कि मुख्य सरगना अमरदीप सिंह उर्फ बॉक्सर नौ आपराधिक मामलों में आरोपित एक आदतन अपराधी है, जबकि अन्य सदस्यों का भी एनडीपीएस और शस्त्र अधिनियमों के तहत गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड है।

## फाजिल्का के बस्ती हजूर स्कूल के पुनर्निर्माण के आदेश

# छह महीनों में तैयार होगी नई इमारत : हरजोत सिंह बैंस

- शिक्षा मेरा जुनून और जिम्मेदारी, जवाबदेही तय होने से स्कूल सुधारों को बल मिलेगा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** फाजिल्का के बस्ती हजूर में सरकारी प्राइमरी स्कूल की इमारत की खराब हालत का नोटिस आने के तुरंत बाद पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने इस स्कूल की इमारत के नए तौर से निर्माण करवाने के आदेश दिए है। शिक्षा मंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए और भरोसा दिया कि स्कूल की नई इमारत छह महीनों के अंदर पूरी हो जाएगी, जिसकी वह निजी तौर पर निगरानी करेंगे।

इस मामले का जिक्र करते हुए शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि बस्ती हजूर में सरकारी स्कूल की खराब हालत के बारे में कल मेरे ध्यान में लाया गया। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों को इस संबंध में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दे दिए है और मैं



स्वंय जाकर स्कूल की स्थिति का निरीक्षण करूंगा। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के पास अगले 6 महीनों के अंदर एक नई इमारत होगी और यह कोई राजनीतिक बयान नहीं; बल्कि मेरी निजी गारंटी है। राज्य के स्कूली बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधारों के बारे में बात करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि पंजाब में लगभग 20,000 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें से ज्यादातर स्कूल हमें पिछली सरकारों की दशकों की लापरवाही के कारण पूरी तरह खस्ता हालत में विरासत में मिले।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने पिछले कुछ सालों में सैकड़ों ऐसे स्कूलों की सूरत बदल दी है और यह काम पूरे जोर-शोर से जारी है। उन्होंने कहा कि हम राज्य के सभी 20,000 स्कूलों की कायाकल्प करने के मिशन पर है और राज्य सरकार पूरी वचनबद्धता और पारदर्शिता के साथ इस लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रही है। शिक्षा सुधारों के प्रति अपनी वचनबद्धता को दोहराते हुए कैबिनेट मंत्री स.हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि यह सिर्फ बड़े दावों का नहीं, बल्कि जवाबदेही और निरंतर कार्रवाई का सफर है और शिक्षा मेरे लिए कोई राजनीति नहीं; बल्कि मेरा जुनून और जिम्मेदारी है।

# पीजी मालिक पर छेड़छाड़ का केस दर्ज

**जीरकपुर।** बलटाना क्षेत्र में एक पीजी में रहने वाली युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस चौकी बलटाना ने शिकायत के आधार पर आरोपी पीजी मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पंचकूला निवासी 25 वर्षीय युवती ने बताया कि वह निजी अस्पताल में हेल्पर की नौकरी करती है और हाल ही में बलटाना स्थित एक पीजी में रहने आई थी। 15 फरवरी 2026 की शाम करीब साढे 4 बजे उसे अचानक पेट में दर्द हुआ और वह दवा लेने बाहर निकली। इसी दौरान पीजी मालिक दविंदर उसे अपनी कार में पास के होटल ले गया। युवती का आरोप है कि होटल में उसने उसे अपने दोस्तों के साथ कमरे में बैठने के लिए दबाव बनाया, लेकिन उसने मना कर दिया।

शिकायत के अनुसार रात करीब साढ़े 11 बजे आरोपी उसके कमरे में पहुंच गया और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर वह वहां से चला गया। इसके बाद उसने अपने भाई को बुलाकर पूरी घटना बताई और वहां से चली गई।

## कैबिनेट मंत्री ने मोहाली में आई.टी.सी. होटल के वैलकम होटल का किया उद्घाटन

# तेज विकास के साथ बढ़ी हाई-एंड होटल कमरों की मांग, निवेश के लिए अनुकूल माहौल : संजीव अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने आई.टी.सी. होटलज लिमटिड मोहाली- चंडीगढ़ के वैलकम होटल का रस्मी उद्घाटन किया, जो कि क्षेत्र में प्रीमियम मेहमानवाजी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए एक अहम विस्तार है और पंजाब में सैलानियों, निवेशकों और कारोबारियों के लिए एक नया गेटवे है।

समागम की शुरुआत माननीय मंत्री द्वारा रिबन काटने के साथ हुई, इसके बाद खुशहाली के प्रतीक के तौर पर रिवायती दीया जगाने की रस्म हुई। इस समागम में आई.टी.सी. होटलज लिमटिड के मैनेजिंग डायरैक्टर श्री अनिल चड्ढा, गुजराल ग्रुप के मैनेजिंग डायरैक्टर भुपिन्दर सिंह गुजराल और गगनजीत सिंह गुजराल सहित प्रसिद्ध औद्योगिक नेताओं ने शिरकत की।

सभा को संबोधित करते मंत्री संजीव अरोड़ा ने मोहाली के सकाईलाईन में वैलकमहोटल के शामिल होने का स्नेहपूर्ण स्वागत किया और उत्तरी भारत में तेजी के साथ बढ़ रहे आर्थिक और संस्थागत हब् के





तौर पर उभर रहे इस शहर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आईटी सिटी, ऐरोसिटी, स्वास्थ्य संभाल संस्थाओं, यूनिवर्सिटियों और कनवैनशन बुनियादी ढांचे के तेज विस्तार के साथ, मोहाली में बहुत तेजी के साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय लोगों की आमद में निरंतर विस्तार देखा जा रहा है।

मंत्री ने जोर दे कर कहा कि इस विकास के रास्ते ने व्यापारिक प्रतिनिधियों, विश्वव्यापी निवेशकों, सैलानियों और क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे बड़े स्तर के समागमों को पूरा करने के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले होटल कमरों की स्पष्ट और बढ़ती जरूरत पैदा की है।

मंत्री ने कहा मोहाली अब विकास के शिखर पर है। आईटी, शिक्षा, सेहत संभाल और औद्योगिक वातावरण प्रणालियों के विस्तार के साथ, विश्व स्तरीय मेहमाननवाजी बुनियादी ढांचे की मांग तेजी के साथ बढ़ रही है। पंजाब आईटीसी होटलों द्वारा इस निवेश का स्वागत करता है, और हम ऐसे अन्य बहुत से प्रोजेक्टों की उम्मीद करते है जो हमारे पर्यटन जगत और सेवा आर्थिकता को मजबूत करेंगे।

उन्होंने आगे जोर दिया कि पंजाब सरकार पारदर्शी प्रवानगियों, नीतिगत सहायता और कारोबार करने में आसानी के द्वारा मेहमानवाजी निवेशों के लिए एक बहुत ही सागार माहौल बनाने के लिए वचनबद्ध है। मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य उच्च स्तरीय मेहमानवाजी विकास के लिए उचित विरासत और संस्थागत जायदादों की सभ्यक ढंग के साथ फिर प्रयोग करने के लिए सक्रियता के साथ खोज कर रहा है। इसके साथ ही पर्यटन प्रोत्साहन और संस्कृतिक सम्पतियों की संभाल दोनों को यकीनी बनाया जा रहा है।

सरकार की दूर अन्देश सोच की पुष्टि करते हुए मंत्री संजीव अरो?ा ने कहा कि मेहमाननवाजी- नेतृत्व वाला विकास पंजाब के आर्थिक रोडमैप का अंग है, क्योंकि यह कौशल के आधार पर काफी रोजगार मौके पैदा करता है, एम.एस.एम.ई. का समर्थन करता है और मोहाली जैसे उभर रहे विकास केन्द्रों के पूरे निवेश आकर्षण को बढाता है। अपने भाषण में श्री भुपिन्दर सिंह गुजराल ने पंजाब सरकार का इस सुविधाजनक और जवाबदेह पहुंच के लिए धन्यवाद किया और कहा कि मोहाली का विकसित हो रहा कारोबार और पर्यटन वातावरण इसको प्रीमियम मेहमानवाजी प्रोजेक्टों के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। उन्होंने होटल को पंजाब की विकास कहानी में एक बढा योगदान बताया।

# पुलिसवालों की हत्या को गंभीरता से लेने की ज़रूरत है : वडिंग

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने रविवार को गुरदासपुर जि़ले में सीमा के पास पंजाब पुलिस के एक सहायक पुलिस निरीक्षक और होमगार्ड जवान की हत्या पर गहरी चिंता जताई और चेतावनी दी कि यह एक खतरनाक घटना है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

उन्होंने बिना पूरी जांच के सिर्फ़ अंदाज़ों पर न जल्दबाज़ी करने से बचने की भी अपील की।

राजा वडिंग ने 2016 के पठानकोट आतंकी हमले से पहले की एक ऐसी ही घटना को याद किया, जब एक पुलिस अधीक्षक को किडनैप कर लिया गया था और उनकी गाड़ी छीन ली गई थी।

उन्होंने बताया कि इसके तुरंत बाद पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमला हुआ था।

उन्होंने कहा कि पुलिस को सिर्फ़ अंदाज़ों पर बिना पूरी पूछताछ और जल्दबाज़ी में नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह घटना सीमा के पास हुई है, इसलिए घटना की तह तक पहुंचने के लिए पूरी जांच की ज़रूरत है।

# गैंगस्टरां ते वार का 33वां दिन : पंजाब पुलिस ने 647 स्थानों पर की छापेमारी, 245 काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चल रही निर्णायक मुहिम ' गैंगस्टरां ते वार' के 33वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्य भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मेप किए 647 टिकानों पर छापेमारी की। जिक्रयोग्य है कि ' गैंगस्टरां ते वार ' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक युद्ध है, जिसकी शुरूआत 20 जनवरी, 2026 को डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने की थी। इस मुहिम के अंतर्गत एंटी- गैंगस्टर टास्क फोर्स ( एजीटीएफ) पंजाब के पूरे तालमेल के साथ सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष कार्यवाहियां कर रही है।

मुहिम के 33वें दिन, पुलिस टीमों ने 245 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे में से 4 हथियार बरामद किए, जिससे मुहिम की शुरुआत से अब तक गिरफ्तारियों की कुल संख्या 10, 874 हो गई है।

इसके इलावा 100 व्यक्तियों विरुद्ध एहतियाती कार्यवाही की गई है, जब कि 142 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्यवाही दौरान 9 भगौड़े अपराधियों ( पीओ) को भी गिरफ्तार किया है।

उन्होंने कहा कि लोग जरुरी अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के द्वारा गुप्त तौर पर जानकारी दे सकते है और इस पर अपराध और अपराधिक गतिविधियों बारे सूह/ जानकारी भी सांझी की जा सकती है। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशे विरुद्ध अपनी मुहिम ' युद्ध नशियां विरुद्ध' को 358वें दिन भी जारी रखते आज 91 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे में से 1.9 किलो हेरोइन, 200 ग्राम अफीम, 1012 नशीली गोलियां/ कैप्सूल और 5870 रुपए की ड्रग मनी बरामद की। इस के साथ सिर्फ 358 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 50, 811 हो गई है। नशा छुड़ाओ मुहिम के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने आज 39 व्यक्तियों को नशा छो?ने और पुर्नवास का इलाज लेने के लिए रा?ी किया।

# सुखबीर बादल दोहरी राजनीति कर रहे, पुराने झूठ से पंजाब को कर रहे हैं गुमराह : धालीवाल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़/अमृतसर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने रविवार को शिरोमणि अकाली दल की लीडरशिप पर निशाना साधते हुए कहा कि सुखबीर सिंह बादल अपने पिता प्रकाश सिंह बादल की तरह दोहरी राजनीति÷ कर रहे हैं और पुराने रटे-रटाए भाषणों और नए दावों से पंजाब के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कुलदीप धालीवाल ने कहा कि गैंगस्टरवाद को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे करने से पहले सुखबीर सिंह बादल को अपने पुराने रिकॉर्ड का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप एक हलके में एक जाने-माने गैंगस्टर के परिवार के सदस्य को अपना उम्मीदवार बनाते हैं और फिर दूसरे चरण से गैंगस्टरों का सफाया करने की बातें करते हैं। यह सरासर पाखंड पंजाब के लोगों से छिपा नहीं रहेगा।

तरनतारन के चुनावों का हवाला देते हुए 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि अकाली दल ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों से जुड़े लोगों का खुलकर समर्थन किया और वोट मांगे। उन्होंने कहा कि आज वे दावा करते हैं कि वे गैंगस्टरों के घर ढहा देंगे, लेकिन कल वे उनके पारिवारिक समारोहों में शामिल हो रहे थे और उनके रिश्तेदारों को उम्मीदवार के रूप में खड़ा कर रहे थे। पंजाब सब कुछ याद रखता है।



प्रकाश सिंह बादल के कार्यकाल से समानताएं दर्शाते हुए कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल उसी रास्ते पर चल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बादल परिवार ऐतिहासिक रूप से पंजाब की युवा पीढ़ी का शोषण करके बड़ा हुआ है, पहले राजनीतिक लाभ के लिए ऐसे तत्वों को संरक्षण दिया और बाद में कानून व्यवस्था की स्थिति पर मगरमच्छ के आंसू बहाए। 2007 से 2017 तक अकाली-भाजपा शासन के दौरान संगठित गैंगस्टरवाद और नशे की मार की जड़ें गहरी हुईं। कुलदीप सिंह धालीवाल ने मौजूदा सरकार को अपराध पर लेक्चर देने के लिए सुखबीर सिंह बादल की नैतिक अधिकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वही लोग जिन्होंने पंजाब को लहूलुहान होने दिया, अब इसके मुक्तिदाता बनने का नाटक कर रहे हैं। जब नशा माफिया और आपराधिक नेटवर्क फले-फूले, तब सत्ता में कौन था? पंजाब के लोग जवाब जानते हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कामकाज के बारे में चिंता जताते हुए कुलदीप सिंह धालीवाल ने पूछा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब के लापता स्वरूपों, जमीनी सौदों और वित्तीय कुप्रबंधन के बारे में सम्मानित सिख धार्मिक शख्सियतों द्वारा उठाए गए सवालों पर अकाली लीडरशिप चुप क्यों रही।

# अमृतसर में सीमा पार अवैध हथियार तस्करी गिरोह से जुड़े दो लोग पांच अत्याधुनिक पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**अमृतसर, 22 फरवरी।** पंजाब में अमृतसर पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को सीमा पार अवैध हथियार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद किए है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान शेरा सिंह (26),अमृतसर के भिंडी नैन गांव निवासी और जगरूप सिंह उर्फ जोपा (21) अमृतसर के तूर गांव निवासी के रूप में हुई है।

बरामद पिस्तौलों में एक .30 बोर की स्टॉर्म, एक ऑस्ट्रिया निर्मित ग्लॉक, दो .30 बोर चीन निर्मित नोरिन्को और एक .32 बोर की पिस्तौल के साथ 10 कारतूस शामिल हैं।

यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे और उनके निर्देशों पर आपराधिक तत्वों को आगे आपूर्ति के लिए अवैध हथियारों की खेप की सुविधा प्रदान कर रहे थे। अवैध हथियार नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। ऑपरेशन की जानकारी देते हुए अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने सदा पिंड, बाईपास रोड के पास एक सुनियोजित अभियान चलाया और शेरा सिंह और जगरूप सिंह उर्फ जोपा को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक ग्लॉक पिस्टल और एक .30 बोर की पीएक्स5 स्टॉर्म पिस्टल बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आगे की पूछताछ में गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पुलिस को तीन और पिस्टल बरामद करने में मदद की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास रहते थे और इस निकटता का फायदा उठाकर अवैध व्यापार करते थे। उन्होंने बताया कि वे पकड़े जाने से बचने के लिए रात में खाली मैदानों का इस्तेमाल ड्रोन से सामान गिराने के लिए करते थे। उन्होंने बताया कि आरोपी शेरा सिंह का आपराधिक इतिहास है जिसमें बलात्कार और हत्या सहित कई जघन्य अपराध शामिल हैं। बलात्कार और हत्या के बाद पीड़िता को जला दिया गया था।

एक अन्य मामले में उसके पास से लगभग 500 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी।

# गुलमोहर सिटी एक्सटेंशन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'विंटर मस्ती 2026' का सफल आयोजन



पंचकूला ऑब्जर्वर

**डेरा बस्सी।** गुलमोहर सिटी एक्सटेंशन, में सीनियर सिटीजंस के लिए आयोजित 'विंटर मस्ती 2026' कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन मिलेनियम मानव सेवा चैरिटेबल संस्था द्वारा किया गया। सीनियर सिटिजन वेलफेयर अवेयरनेस के अंतर्गत आयोजित इस सांस्कृतिक एवं स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों को सामाजिक रूप से सक्रिय रखना, उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना था। कार्यक्रम के दौरान सीनियर सिटीजंस ने विभिन्न प्रकार की मनोरंजक और रोचक खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। खेलों के माध्यम से जहां सभी ने खूब आनंद उठाया, वहीं एक-दूसरे के साथ समय बिताने का अवसर भी मिला। कई वरिष्ठ नागरिकों ने मंच पर आकर अपने विचार साझा किए और अपने जीवन के अनुभवों से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए, जिससे वातावरण भावुक और प्रेरणादायक बन गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे नवीन कुमार जो पतंजलि से संबंधित हैं, ने योग और आयुर्वेद के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योग, प्राणायाम और आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ और ऊर्जावान रहा जा सकता है।

उन्होंने कुछ सरल योगासन और घरेलू आयुर्वेदिक उपायों की जानकारी भी दी, जिन्हें वरिष्ठ नागरिक अपने दैनिक जीवन में आसानी से अपना सकते हैं।

## लुधियाना में हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी का काले झंडों से स्वागत

# 'आप' ने भाजपा को बताया 'पंजाब विरोधी'

- पंजाब का फंड रोकने वाली भाजपा का जोरदार विरोध, 'आप' बोली- पंजाबियों को गुमराह करना बंद करे केंद्र

पंचकूला ऑब्जर्वर

**लुधियाना।** आज आम आदमी पार्टी के वॉलिंटियरो और नेताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लुधियाना में काले झंडों से स्वागत किया। 'पूर्वांचल सम्मान रैली' में शामिल होने आए सैनी का काफिला जैसे ही धुरी लाइन रेलवे ओवर ब्रिज से उतरा, 'आप' कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी की और काले झंडे दिखाकर पंजाब के प्रति भाजपा की भेदभावपूर्ण नीतियों का विरोध जताया। आतम नगर से 'आप' विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते





हुए मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'हम आज इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि भाजपा ने हमेशा पंजाब विरोधी रुख अपनाया है। वे केंद्र में बैठकर पंजाब के स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के फंड रोकते हैं, और यहां आकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। पंजाब की जनता भोली नहीं है, वह इनके चेहरे को अच्छी तरह पहचानती है।

इस मौके पर 'आप' के लोकसभा इंचार्ज शरणपाल सिंह मकड़ ने भी प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, पंजाब के लोग भाजपा के झूठे प्रचार से अच्छी तरह वाकिफ हैं। आज का यह प्रदर्शन भाजपा और इसके नेताओं को एक स्पष्ट संदेश है कि वे पंजाब में आकर अपनी किसान विरोधी, व्यापार विरोधी और पंजाब विरोधी नीतियों पर परदा नहीं डाल सकते। आपको प्रचार करने का हक है, लेकिन पंजाब की कानून व्यवस्था के बारे में झूठे सवाल खड़े करके लोगों को गुमराह मत करो।

प्रदर्शन के दौरान 'आप' के जिला प्रधान लुधियाना शहरी जतिंदर खंगूड़ा ने आंकड़े पेश करते हुए भाजपा पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, ÷हरियाणा के मुख्यमंत्री को पंजाब को लेक्चर देने से पहले अपने प्रदेश के हालात पर नजर डालनी चाहिए। केंद्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक, कानून व्यवस्था बनाए रखने में पंजाब देश में दूसरे नंबर पर है, जबकि हरियाणा में 2023 में 1000 से ज्यादा और 2024 में 900 से ज्यादा हत्याएं हुईं। वहां महिलाओं और दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं भी काफी ज्यादा हैं। पंजाब के किसानों पर कर्ज का बोझ उस वक्त बढ़ा जब भाजपा यहां सत्ता में थी। झूठे बयानों से आंकड़े नहीं बदले जा सकते।

'आप' नेताओं का कहना था कि हरियाणा सरकार को पंजाब में राजनीतिक लाभ लेने की बजाय अपने प्रदेश की गंभीर समस्याओं को हल करना चाहिए। इससे पहले भाजपा द्वारा आयोजित पूर्वांचल सम्मान रैली में सीएम सैनी के अलावा पंजाब भाजपा के बड़े नेता भी मौजूद थे।

# नालागढ़ पुलिस स्टेशन धमाका : बी.के.आई.से संबंधित दो मुख्य दोषी पिस्तौल सहित पकड़े

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम दौरान बड़ी सफलता के अंतर्गत काउंटर इंटेलिजेंस ( सीआई) जालंधर ने सीआई एस.ए.एस. नगर के साथ सांझा आप्रेशन में हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ पुलिस स्टेशन पर आर.डी.एक्स.- आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस ( आई.ई.डी.) धमाके में शामिल दो मुख्य दोषियों को गिर?तार किया है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहां सांझा की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान महावीर उर्फ बच्चा और मनप्रीत उर्फ मनी के तौर पर हुई है, दोनों एसबीएस नगर के रहने वाले हैं। आपरेशन दौरान उनके कब्जे में से एक 9 एम.एम. गलौक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि आरोपी पाबंदीशुदा आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी.के.आई.) के साथ जुड़े विदेश आधारित मास्टरमाईंड गोपी नवांशहरिया, जस्सी कुलाम और शुशांत चोपड़ा के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने विदेशी हैंडलरों के निर्देशों पर अपने साथियों के साथ मिल कर आर.डी.एक्स. - आधारित आईईडी और हैड ग्रनेड वाली खेप प्राप्त की थी। गौरतलब है कि गिरफ्तार किए दोषियों की तरफ से 1 जनवरी, 2026 को हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ पुलिस थाने पर धमाके के लिए इस्तेमाल एक आईईडी (आरडीएक्स) भी इन खेप में से ही था। डीजीपी ने बताया कि उनके छह आरोपियों को पहले ही पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो आतंकवादी हार्डवेयर प्राप्त करके आगे स्पलाई कर रहे थे।

## एक नजर

### राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे अनदेखे नायकों को पहचान दिलाने का सशक्त मंच है मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात : रणबीर गंगवा

**हिसार।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार में मील गेट पर लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देश के कोने-कोने में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के उन अनदेखे नायकों को पहचान दिलाने का सशक्त मंच है, जो चुपचाप राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, युवा नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन-जागरूकता बढ़ाते हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह प्रयास देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है और नागरिकों को राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।

### हरियाणा सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है : श्याम सिंह राणा

**चंडीगढ़.** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार जिस गति से किसानों के कल्याण के लिए योजनाएं लागू कर रही है, उससे देश 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। करनाल में आयोजित तीन दिवसीय भारत अंतरराष्ट्रीय बागवानी प्रदर्शनी और चावल एवं अनाज प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों और संस्थानों द्वारा लगाये गये स्टॉल किसानों को नवीनतम तकनीकों और आधुनिक कृषि मशीनरी से परिचित करा रहे हैं। उन्होंने स्टालों का दौरा कर तकनीकी जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियां किसानों और उद्यमियों के लिए मील का पत्थर साबित होती हैं। इनके माध्यम से नयी तकनीक नवाचार और विचारों के आदान-प्रदान के लिए साझा मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां न केवल किसानों को नयी दिशा देती हैं, बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाती हैं।

### महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय पहुंचे पूर्व सीएम मनोहर लाल

**चंडीगढ़.** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा के करनाल में राष्ट्रीय राजमार्ग -44 स्थित महाराणा प्रताप महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय पहुंचे और निर्माणाधीन भवन की प्रगति की समीक्षा की। खट्टर ने एमएचयू के मुख्य परिसर में बन रही इमारत का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि करनाल में महाराणा प्रताप के नाम पर स्थापित यह बागवानी विश्वविद्यालय क्षेत्र में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य उन्नत बागवानी तकनीकों का विकास करना और कृषि क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है जिस दिशा में संस्थान तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार फलों व सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने तथा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न रियायतें और सुविधाएं प्रदान कर रही है। बागवानी को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सब्जियों व फलों हेतु भावांतर भरपाई योजना लागू की गई है, जिससे बाजार में कीमतों में गिरावट के समय किसानों को राहत मिलती है। इसके अलावा फल फूल और सब्जियों की बिक्री के लिए विशेष मंडियां भी विकसित की जा रही हैं, ताकि किसानों को दूर न जाना पड़े।

### जींद में 108 कुंडीय महायज्ञ में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर व्यापक मंथन

**चंडीगढ़.** जींद में आयोजित 108 कुंडीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान के साथ साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर विमर्श का भी केंद्र बना हुआ है। त्रिपुरा पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम महाराज के सान्निध्य में चल रहे इस महायज्ञ में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विषय पर समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। भाजपा युवा नेता कर्ण प्रताप सिंह इस आयोजन में मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। यज्ञ सम्राट ने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक क्रिया नहीं बल्कि 'श्रेष्ठ कर्म' का प्रतीक है।

# हरियाणा में कानून व्यवस्था बदहाल, अपराधियों के हौसले बुलंद : सैलजा

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने हरियाणा में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कैथल में दिनदहाड़े एक शराब व्यापारी को 25 गोलियां मारे जाने की घटना प्रदेश की कानून व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर करती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि इससे कुछ दिन पूर्व रोहतक बाइपास पर हुई गैंगवार की घटना भी बेहद गंभीर और चिंताजनक है। लगातार हो रही ऐसी वारदातों ने प्रदेश में भय का वातावरण



पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि आम नागरिक, व्यापारी, महिलाएँ और यहाँ तक कि जनप्रतिनिधि भी स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हाल के दिनों में फिरौती की बढ़ती घटनाएँ और गैंगस्टरों की खुलेआम गतिविधियाँ अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायकों तक से रंगदारी माँगे जाने की घटनाएँ बताती हैं कि अपराधियों में कानून का भय लगभग समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व होता है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार इस मोर्चे पर विफल दिखाई दे रही है। यदि अपराधी दिनदहाड़े वारदातों को अंजाम देते रहे हैं और उन पर समय रहते कठोर कार्रवाई न हो, तो जनता का शासन और प्रशासन से विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। कुमारी सैलजा ने प्रदेश सरकार से मांग की कि अपराधियों और गैंगस्टरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ तथा कानून का राज स्थापित कर जनता में भरोसा बहाल किया जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार इस गंभीर स्थिति को हल्के में न लेते हुए तुरंत ठोस कदम उठाएगी ताकि हरियाणा में शांति, सुरक्षा और कानून का शासन पुनः मजबूत हो सके। कुमारी सैलजा ने हांसी में नर्सिंग छात्राओं द्वारा माइग्रेशन की मांग को लेकर विधायक आवास के बाहर क्रमिक अनशन पर बैठने की घटना को अत्यंत चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि 9 दिनों के शांतिपूर्ण धरने के बाद भी यदि प्रदेश की बेटियों को अपने भविष्य के लिए अनशन का सहारा लेना पड़े, तो यह भाजपा सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी जायज मांगों को स्वीकार करना चाहिए। छात्राओं की शिक्षा और उनके भविष्य से जुड़े विषयों को लंबित रखना न तो न्यायसंगत है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की बेटियों की आवाज़ को सम्मानपूर्वक सुनना और ठोस समाधान देना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# महात्मा ज्योतिराव और माता सावित्री फुले ने अंधकार में शिक्षा का दीप जलाया : सैनी

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली के मंगोलपुरी में अंतरराष्ट्रीय सैनी भवन का उद्घाटन किया
- महात्मा बुद्ध, ज्योतिराव फुले, सावित्रीबाई फुले और महाराज शूर सैन की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया
- सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट को 51 लाख रुपये देने की घोषणा

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को दिल्ली के मंगोलपुरी में अंतरराष्ट्रीय सैनी भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस भवन में स्थापित की गई महात्मा बुद्ध, महात्मा ज्योतिराव फुले, माता सावित्री बाई फुले, महाराज शूर सैन की प्रतिमाओं का भी अनावरण किया।

उन्होंने सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट को 51 लाख रूपये देने की घोषणा भी की। इस दौरान संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले और माता सावित्री बाई फुले ने अंधकार में शिक्षा का दीप जलाया। उन्होंने कहा कि यह समारोह उन विचारों, मूल्यों और आदर्शों का उद्घोष है, जिन्होंने भारतीय समाज को दिशा दी, नई चेतना पैदा की और सामाजिक न्याय, शिक्षा तथा समानता के मार्ग पर आगे बढ़ाया। यह गर्व का क्षण है कि मंगोलपुरी में हमारे महापुरुषों की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। यह उस चेतना को नमन करने का अवसर है, जिसने अंधकार में दीप जलाने का काम किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव और माता सावित्री फुले केवल दो नाम नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति के दो स्तंभ हैं जिन्होंने बराबरी व शिक्षा की मजबूत नींव रखने का काम किया। जब समाज में बेटियों को पढ़ाना अपराध माना जाता था तब सावित्रीबाई फुले ने ज्ञान को आगे बढ़ने का काम किया। उन्होंने जाति, भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध कलम को तलवार बनाया और अपने विचारों के माध्यम से क्रांति का दीप जलाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह मूर्तियां हमें याद दिलाती रहेगी कि शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है, समानता से बड़ा कोई धर्म नहीं है और मानवता से बड़ा कोई राष्ट्र धर्म नहीं है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी अपनी बेटियों को आगे बढ़ाएं और भेदभाव के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करें। इसके साथ-साथ मिलकर शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लें।

इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान श्रीपाल सैनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया और अपनी मांगे रखी। इस दौरान राज्यसभा सांसद राजेंद्र सिंह, पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, पूर्व मंत्री धर्म सिंह, उत्तर प्रदेश में मंत्री जसवंत सैनी, रणवीर सिंह, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।



## गुरुग्राम से आई बरात, तावडू में हेलीकॉप्टर में विदा हुई दुल्हन स्वाति

**नूंह.** नूंह जिले के तावडू नगर में रविवार को एक अनोखी और यादगार शादी का नजारा देखने को मिला। यहां एक बेटी अपनी ससुराल के लिए हेलीकॉप्टर से विदा हुई, जिसे देखने के लिए अनाज मंडी परिसर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल गुरुग्राम के कादरपुर निवासी दूल्हे रोहित डागर की बरात तावडू के जटवाड़ा मोहल्ले में पहुंची थी। यहां उनकी शादी स्वाति पुत्री देवेंद्र से हुई। रविवार दोपहर करीब 11 बजे दुल्हन अपने ससुराल के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुईं। हेलीकॉप्टर तावडू अनाज मंडी परिसर में उतरा, जहां पूरी पुलिस व्यवस्था के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैनात रही। दूल्हे रोहित डागर ने बताया कि उनके पिता की लंबे समय से तमन्ना थी कि बहू हेलीकॉप्टर से ससुराल पहुंचे। इस सपने को पूरा करते हुए उन्होंने अपनी जीवनसंगिनी को हेलीकॉप्टर से ले जाने का फैसला किया। उनके साथ चाचा और जीजा भी मौजूद रहे। रोहित ने खुशी जताते हुए कहा कि वे इस पल से बहुत खुश हैं। दुल्हन स्वाति ने भी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे खुद को भाग्यशाली मानती हैं, जिन्हें ऐसा ससुराल मिला है जो उन्हें हेलीकॉप्टर में ले जा रहा है। पूरा परिवार इस अनुभव से अभिभूत है और वे आगे भी सुखी जीवन की कामना करते हैं।

# 2047 से पहले विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : राणा




पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**करनाल.** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शनिवार को करनाल में आयोजित 3 दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर एक्सपो एवं राइस एंड ग्रेन एक्सपो के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने एक्सपो में विभिन्न राज्यों, विभिन्न विभागों व विभिन्न संस्थानों द्वारा लगाई स्टालों का अवलोकन किया व आधुनिक कृषि यंत्रों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि यह एक्सपो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। जिस तीव्र गति से सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही हैं, भारत 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर एक्सपो में विभिन्न राज्यों और संस्थानों द्वारा लगाई गई स्टालें किसानों को नवीनतम तकनीक से रूबरू करा रही हैं। जितनी जानकारी बढ़ेगी, किसान उतना ही उन्नत और समृद्ध होगा।

# जनता से सीधा संवाद ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत : सुभाष बराला

**टोहाना.** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने क्षेत्र के नागरिकों व पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी नागरिकों की बात ध्यान से सुनी और उनका समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। सांसद बराला ने कहा कि जनता से सीधा संवाद ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। केंद्र सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व राज्य सरकार नायब सैनी के मार्गदर्शन में देश-प्रदेश का तेजी से विकास कर रही है। इस यात्रा में हर नागरिक की भागीदारी अनिवार्य है। बराला ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देशभर में बुनियादी सुविधाओं को सशक्त किया जा रहा है, वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में हर जिले में विकास की गति अब और तेज हुई है। विकसित



भारत का हमारा दृष्टिकोण केवल बुनियादी ढांचे के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को सशक्त बनाने, शासन में पारदर्शिता लाने और हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने की सरकार की प्राथमिकता को भी दर्शाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की निगरानी व्यक्तिगत स्तर पर की जाएगी।

# हरियाणा में राजनीतिक बेईमानी और भ्रष्टाचार से अर्जित काले धन से बनी है बीजेपी सरकार : दीपेन्द्र हुड्डा

**सांसद ने नारनौंद में नवनिर्मित कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन कर अनाज मंडी में विशाल रैली को संबोधित किया**

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**हांसी।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज नारनौंद में नवनिर्मित कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन किया और अनाज मंडी में आयोजित विशाल रैली को संबोधित किया। इस दौरान सांसद जय प्रकाश 'जेपी' व सांसद सतपाल ब्रह्मचारी उपस्थित रहे। रैली में उमड़े जनसैलाब से उत्साहित सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में राजनीतिक बेईमानी, साम दाम दंड भेद, भ्रष्टाचार से अर्जित काले धन के मैनेजमेंट से बीजेपी सरकार बनी है और जो सरकार काले धन के मैनेजमेंट से बनी हो, वो जनता की परवाह नहीं करती।

जनता के खिलाफ चलने वाली बीजेपी सरकार के पास तंत्र, यंत्र, षड्यंत्र का बल है, धनबल है लेकिन हमारे पास जनता का दिया हौसले का बल है। म्हारा हौसला थारे से है और थारा हौसला म्हारे से है। भाजपा के षड्यंत्र में वो सभी शामिल थे जो पर्दे के पीछे भाजपा से मिले हुए थे। बीजेपी की बी टीम इनेलो, जेजेपी का एक ही लक्ष्य था कि किसी तरह कांग्रेस की वोट में सेंध लगाएं। लेकिन, षड्यंत्रकारियों का सारा सच धीरे-धीरे जनता के सामने आ गया। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के वायरल हुए वीडियो ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस को रोकने के लिये इनेलो, जेजेपी भी बीजेपी से मिले हुए थे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कालेधन की शक्ति को नारनौंद ने जनशक्ति से हराने का काम किया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने जनता से पूछा कि क्या वो जनविरोधी बीजेपी सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार हैं तो जनता ने दोनों हाथ उठाकर उनका साथ देने का वायदा किया। भीड़ के उत्साह को देखकर दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि लड़ाई के लिये आप तैयार हैं तो हम भी तैयार हैं, हरियाणा में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने तक चैन से नहीं बैठेंगे।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पलायन, अपराध, नशाखोरी हरियाणा में है। हरियाणा का नौजवान कहां जाए। इंटरनेशनल एयरपोर्ट, रेल कोच फैक्ट्री, रक्षा विश्वविद्यालय जैसे बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हमने मंजूर कराए वो हरियाणा से बाहर के प्रदेशों में चले गये। एचपीएससी में जो भर्तियां आती हैं उसमें भी हरियाणा के बाहर के बच्चे लग रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब में जाकर पंजाब को अपराध मुक्त करने और पंजाब को विकास में नंबर 1 बनाने की बात कह रहे हैं। जबकि उनको हरियाणा की जनता ने वोट दिया है तो हरियाणा को नंबर 1 बनाना चाहिए हरियाणा को पहले अपराध मुक्त बनाना चाहिए। लेकिन आज गली चौराहे तक पर दनादन गोलियां चल रही हैं।

उन्होंने आगे कहा हरियाणा में जनभावना से बनी हुई सरकार नहीं है, क्योंकि जनभावना बदलाव की थी। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को अपना तक मुख्यमंत्री बदलना पड़ा। अगर अच्छा काम किया होता तो मुख्यमंत्री को नहीं बदलना पड़ता। चुनाव के पहले सारे ओपिनियन पोल, सारे सर्वे में कांग्रेस पार्टी की बड़ी जीत दिखायी जा रही थी। सुबह जब गिनती शुरु हुई तो पोस्टल बैलट में भी कांग्रेस आगे थी। हरियाणा का इतिहास है कि जो पोस्टल बैलट में आगे रहता है सरकार उसी की बनती है। 2024 में 76 हलकों में कांग्रेस पार्टी जीत रही थी, लेकिन जब मशीन खुली तो नतीजा बदल गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खुद कहा कि सारा इंतजाम कर रखा है। बीजेपी सरकार हर वर्ग को धोखा दे रही है, क्योंकि ये जनभावनाओं से नहीं बनी राजनीतिक बेईमानी मैनेजमेंट से बनायी हुई सरकार है।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा चुनाव के बाद 3100 का भाव देने की बात कहने वाली बीजेपी सरकार में धान, बाजरा, नरमा पर भी एमएसपी नहीं मिली और सीएम 24 फसलों को रूस्क पर खरीदने की बात करते हैं। भाजपा को जब वोट मिल गया तो वह किसान, नौजवान, गरीब, माताओं-बहनों और बड़े बुजुर्गों को भी भूल गयी। बीजेपी ने चुनाव के समय हरियाणा की सभी 85 लाख महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना में 2100 रुपए देने का वाला किया लेकिन चुनाव के बाद 85 लाख में से केवल चंद लाख महिलाओं को ही 2100 रुपया देने की बात करने लगी। भाजपा सरकार बड़े-बुजुर्गों को भी भूल गयी और हर गांव, हर घर में बुड़ापा पेंशन काटने लगी। जब हमने सोनीपत में धरना रखा तो डरी भाजपा सरकार ने पेंशन काटने के फैसले को स्थगित कर दिया। बारिश में जलभराव हुआ तो केवल 6 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा घोषित हुआ और उसमें भी साड़े पांच लाख किसानों का रजिस्ट्रेशन कराकर सिर्फ 53 हजार को ही मुआवजा दिया गया। जबकि कांग्रेस सरकार के समय फसल खराबे पर पंजाब में जितना प्रति एकड़ मुआवजा मिलता था, उसका डबल मुआवजा हरियाणा की हुड्डा सरकार देती थी।

उन्होंने कहा कि नारनौंद हलके ने 54 साल का रिकार्ड तोड़ा और उनकी बात का मान-सम्मान भी रखा। डेड़ साल की अवधि में विधायक जस्सी ने पूरे प्रदेश में नारनौंद की साख बड़ाने का काम किया। गुहला चीका से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे विधायक देवेन्द्र हंस के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करवा दिया। जब तक विधायक देवेन्द्र हंस पर मुकदमा खत्म नहीं होगा और भ्रष्टाचारियों पर मुकदमा दर्ज नहीं होगा हम सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहेंगे। हमारी लड़ाई सच्चाई और अच्छाई की है। भाजपा शातिर पार्टी है। जहां रणनीति में बदलाव की जरुरत होगी बदलाव करेंगे और जहां मेहनत की जरुरत होगी मेहनत करेंगे। भाजपा के खिलाफ 2029 में लड़ाई के लिये जनता भी तैयार है तो हम भी तैयार हैं न किसी से डरेंगे न झुकेंगे।

रैली की अध्यक्षता कर रहे सांसद जय प्रकाश 'जेपी' ने कहा कि हरियाणा की जनता कांग्रेस की सरकार बनवाना चाहती थी, लेकिन भाजपा ने वोट चोरी करके जनता का विश्वास भी चोरी कर लिया। आने वाले चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी दल जायेंगे और प्रदेश में कांग्रेस सरकार आयेगी। उन्होंने अमेरिका व्यापार समझौते के पीछे की सच्चाई बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार के हाथ साड़े सात सौ किसानों के खून से सने हुए हैं। भाजपा सरकार इतनी बुजदिल सरकार है कि वो अमेरिका की एकतरफा बात मानती है। देश और प्रदेश में कमजोर और अमेरिका से डरी हुई सरकार है। अमेरिका का व्यापार समझौता देश के किसानो-मजदूरों को कंगाली की तरफ ले जायेगा। प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसान की फसल बर्बाद होने के बाद भी हरियाणा को आपदाग्रस्त घोषित नहीं किया न ही कोई मुआवजा मिलने दिया। जब प्रदेश की भाजपा सरकार का नाश होगा तब होगा हरियाणा का विकास।

सांसद जय प्रकाश जेपी ने 10 वर्ष की हुड्डा सरकार के कामों और 12 साल की भाजपा सरकार के कामों की तुलना करके लोगों को इस सरकार से पीछा छुड़ाने का संकल्प दिलाया। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि हरियाणा में आज बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध चरम पर है। बीजेपी सरकार ने जब प्रदेश के बुजुर्गों की पेंशन काटी तो सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बड़े विरोध प्रदर्शन का एलान कर दिया, जिससे डरकर प्रदर्शन से पहले ही सरकार ने पेंशन देने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर बुजुर्गों को हर महीने 6000 रुपये पेंशन देने की बात कही थी। जिस दिन कांग्रेस सरकार बनेगी उसी दिन से हम अपने बुजुर्गों को 6000 रुपये महीने पेंशन दिलवायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद दीपेंद्र हुड्डा हर मंच पर हर हरियाणावासी की लड़ाई मजबूती से लड़ते हैं।





## पति संग जापान ट्रिप पर माधुरी दीक्षित, जापानी गुड़िया बन खूब इठलाई



माधुरी दीक्षित इन दिनों पति श्रीराम नेने के साथ वेकेशन मना रही है। बता दें कि कपल जापान में साथ में क्वालिटी टाइम बीता रहा है। माधुरी दीक्षित ने जापान वेकेशन की फोटोज अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की। उन्होंने लिखा- फूजी- परंपराओं, मंदिरों, बर्फ और समुराई से भरे एक ज्वालामुखी के शिखर से लिया गया सीन। वेकेशन के दौरान माधुरी दीक्षित जापानी गुड़िया नजर आई। दरअसल, उन्होंने यहां की ट्रेडिशनल आउटफिट किमोनो कैरी की थी। जापान ट्रिप पर माधुरी दीक्षित पति के साथ पोज देती नजर आई। इस दौरान कपल एक-दूसरे का साथ थामे दिखे। आपको बता दें कि माधुरी दीक्षित बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दौर में कई फ्लॉप फिल्में दी, लेकिन अनिल कपूर के साथ आई उनकी फिल्म तेजाब ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया था। माधुरी दीक्षित अभी भी एक्टिंग फील्ड में एक्टिव हैं। हालांकि, अब वे फिल्मों में कम नजर आती हैं। उनकी वेब सीरीज मां बहन जल्दी ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

### बिना मेकअप भी निखरेगी त्वचा

## आयुर्वेदिक डॉक्टर ने बताई घर पर बनने वाली नाइट क्रीम



कई महिलाओं को मेकअप करना पसंद नहीं होता, लेकिन त्वचा की समस्याओं जैसे मुंहासे, दाग-धब्बे या झुर्रियों को छुपाने के लिए वे मेकअप का सहारा लेती हैं। अगर आपकी त्वचा अंदर से हेल्दी और चमकदार हो, तो मेकअप की जरूरत भी कम पड़ सकती है। सोशल मीडिया पर अक्सर महिलाओं के मेकअप को लेकर मजाक किया जाता है, लेकिन मेकअप करना या न करना पूरी तरह से व्यक्तिगत पसंद है। हालांकि, अगर मेकअप सिर्फ त्वचा की समस्याएं छुपाने के लिए किया जा रहा है, तो बेहतर है कि समस्या की जड़ पर काम किया जाए।

**त्वचा का इलाज जरूरी है**

सिर्फ मेकअप से कमियां छुपाना स्थायी समाधान नहीं है। त्वचा को अंदर से ठीक करना ज्यादा जरूरी है। कई लोग बाजार के महंगे प्रोडक्ट्स इस्तेमाल कर चुके होते हैं, लेकिन फायदा नहीं मिलता। ऐसे में आयुर्वेदिक और प्राकृतिक उपाय एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं। नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करने से केमिकल्स के साइड इफेक्ट्स से भी बचा जा सकता है।

**आयुर्वेदिक डॉक्टर ने बताया नुस्खा**

आयुर्वेदिक डॉक्टर ने अपने इंस्टाग्राम वीडियो में घर पर बनने वाली एक आसान और सस्ती नाइट क्रीम का नुस्खा बताया है। इस क्रीम को बनाने में इस्तेमाल होने वाली चीजें आमतौर पर घर में आसानी से मिल जाती हैं।

नाइट क्रीम बनाने के लिए सामग्री

2 चम्मच ग्लिसरीन

4 चम्मच गुलाब जल

1 चम्मच एलोवेरा जेल

1 विटामिन ई कैप्सूल

**बनाने की विधि**

इस क्रीम को बनाना बहुत आसान है। सबसे पहले एक साफ कटोरी लें। उसमें ग्लिसरीन डालें। अब उसमें गुलाब जल, एलोवेरा जेल और विटामिन ई कैप्सूल का तेल मिलाएं। इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर लें। आपकी होममेड नाइट क्रीम तैयार है।

**इस्तेमाल करने का तरीका**

रोज रात को सोने से पहले इस क्रीम की 7-8 बूंदें चेहरे और गर्दन पर लगाएं। हल्के हाथों से मसाज करें। नियमित इस्तेमाल से एक हफ्ते में फर्क नजर आ सकता है।

**इस क्रीम के फायदे**

त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करती है, चेहरे पर प्राकृतिक निखार लाती है। बढ़ती उम्र के निशानों को कम करने में मदद कर सकती है। मुंहासों की समस्या में राहत दे सकती है।

## प्रियंका चोपड़ा ने फिर दिखाया 'मॉडर्न संस्कारी' अंदाज



ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह स्टाइल और फैशन के मामले में हमेशा सबसे आगे रहती हैं। लॉस एंजेलिस में फिल्म The Bluffs के वर्ल्ड प्रीमियर में प्रियंका ने अपने दो अलग-अलग लुक्स से सबका ध्यान खींचा। एक लुक में वह साड़ी को मॉडर्न तरीके से स्टाइल करके आईं, तो दूसरे में उन्होंने अपने कैरेक्टर से इंस्पायर होकर आर्मर यानी कवच लुक अपनाया। फिल्म के प्रीमियर के रेड कार्पेट पर प्रियंका ने अपने कैरेक्टर एर्सेल बॉडेन की तरह तैयार होकर क्लासी और सशक्त लुक पेश किया। इस लुक में उन्होंने ब्लैक और डार्क ब्राउन शेड वाला आर्मर पहना, जिसे कॉस्ट्यूम डिजाइनर एंटोनेट मेसम ने ऑस्ट्रेलियाई कारीगरों के साथ मिलकर तीन महीने में तैयार किया। आर्मर के कॉर्सेट में शाइनी ब्राउन इफेक्ट और साइड्स पर बकल डिटेलिंग दी गई, जबकि थाई-हाई स्लिट कट वाली स्कर्ट उनके लुक को और स्टाइलिश बना रही थी। लुक को और ग्लैमर देने के लिए उन्होंने ब्राउन ओपन-टो हील्स और सिल्वर टोन का चोकर सेट पहना, जिसमें बड़ा डार्क स्टोन सेंटर में था। लंबे ट्रेल और रैप सिल्हूट वाले फैब्रिक ने रेड कार्पेट पर उनके लुक में ड्रामेटिक वाइब्स पैदा की। प्रीमियर के बाद की आफ्टर पार्टी के लिए प्रियंका ने येलो कलर का साड़ी इंस्पायर गाउन पहना।

## अरबपति की पत्नी सुधा रेड्डी का ग्लैमरस लुक, हाथ में 5.75 लाख का लालटेन बैग लेकर छाईं

**सुधा** रेड्डी न सिर्फ अरबपति बिजनेसमैन पी.वी. कृष्ण रेड्डी की पत्नी हैं, बल्कि खुद भी एक सफल बिजनेसवुमन हैं। वह मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की डायरेक्टर हैं। उनका स्टाइल अक्सर सोशल मीडिया और लाइमलाइट में चर्चा में रहता है। हाल ही में उन्होंने एक इवेंट में हाथ में लालटेन बैग लेकर अपने ग्लैमरस लुक से सबका ध्यान खींचा। सुधा रेड्डी का फैशन स्टाइल हमेशा से ही लोगों को आकर्षित करता रहा है। इस बार उन्होंने वोग वेल्यूज वूमन ऑफ एक्सीलेंस इवेंट के लिए सेक्विन से सजा गाउन चुना। उनके गाउन पर छोटे-छोटे सितारे और क्रिस्टल ब्लिंग का काम था, जो इसे बेहद ग्लैमरस और आकर्षक बनाता है। गाउन को प्लीट्स के साथ डिजाइन किया गया था, जिससे इसे हल्का साड़ी जैसा टच मिला और लुक और भी स्टाइलिश और यूनिक बन गया। गाउन का सिल्हूट बॉडी-हगिंग था, जिसने सुधा के फिगर को खूबसूरती से हाईलाइट किया। सुधा ने अपने लुक में शीयर केप भी जोड़ा, जो उनके कंधों पर अटैच किया गया था। इसका फ्लोर लेंथ हेम ट्रेल जैसा इफेक्ट देखने में आया, जिससे उनका लुक और भी ग्लैमरस और रेड कार्पेट के लिए परफेक्ट लग रहा था। केप पर वर्टिकल शिमर डीटेलिंग थी, जो गाउन के साथ अलग से हाइलाइट हो रही थी। जूलरी में सुधा ने मिनिमल पर्ल नेकपीस चुना, जो उनके लुक को रॉयल एलिमेंट देता है। साथ में मिनिमल इयररिंग्स और स्टेटमेंट रिंग ने जूलरी को बैलेंस किया और गाउन के ग्लैमरस ब्लिंग के साथ पूरी तरह मेल खाया। सुधा का लालटेन बैग उनके लुक की सबसे बड़ी हाइलाइट बन गया। बैग का कलर पैटर्न और ब्रांड का क्लासिक लोगो इसे और भी स्टाइलिश बनाता है। बैग की कीमत 5,75,000 रुपये है और इसे पेरिस के मशहूर पोंट नेउफ ब्रिज की स्ट्रीटलाइट्स से इंस्पायर्ड होकर डिजाइन किया गया है। सुधा ने अपने लुक को सॉफ्ट ग्लैम मेकअप के साथ पूरा किया। न्यूड पिंक लिप्स और सटल मेकअप ने उनके फीचर्स को और निखारा। हेयरस्टाइल में उन्होंने हाफ पिनअप चुना, जो उन्हें क्लासी और पॉलिश्ड फिनिश देता है। कुल मिलाकर उनका लुक बेहद ग्रेसफुल, सोफिस्टिकेटेड और रेड कार्पेट के लिए बिल्कुल परफेक्ट था। गाउन में ज्यादा ब्लिंग होने पर जूलरी को मिनिमल रखें। मेकअप को सटल और सोबर रखें ताकि गाउन हाइलाइट हो।



## भाग्यश्री की रियल लाइफ मैने प्यार किया- क्लास के सबसे बिगड़े शहजादे पर दिल हार बैठी थीं राजकुमारी

कहते हैं कि किसी भी काम को करने के लिए मेहनत के साथ भाग्य भी जरूरी होता है, लेकिन जिसके नाम में भी भाग्य हो, उसके लिए चीजें खुद-ब-खुद आसान हो जाती हैं। हम बात कर रहे हैं अभिनेत्री भाग्यश्री की, जिन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगी और अलग पहचान बना पाएंगी। भाग्यश्री 23 फरवरी को अपना 57वां जन्मदिन मनाने वाली हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अभिनेत्री को अपनी जिंदगी का असल प्यार कैसे मिला? फिल्मों में अपने भोले किरदार से सबका दिल जीतने वाली भाग्यश्री असल जिंदगी में भी बहुत सीधी थीं। उनका ताल्लुक महाराष्ट्र के सांगली राजशाही परिवार से है। उनके पिता का नाम विजय सिंह राव माधवराव पटवर्धन है, जिन्हें खुद म्यूजिक से प्यार है और उन्होंने कई फिल्मों में संगीत भी दिया। भाग्यश्री का जीवन प्रोटोकॉल के साथ गुजरा; उन्हें हमेशा सिखाया गया कि किससे बात करनी है, किससे नहीं, कैसे बात करनी है, कहां जाना है और कहां नहीं, लेकिन कौन जानता था कि प्रोटोकॉल के बीच पढ़ी-लिखीं भाग्यश्री को उनका प्यार उनकी क्लास में ही मिल जाएगा।

बहुत कम लोग जानते हैं कि भाग्यश्री और हिमालय दासानी एक ही क्लास में पढ़ते थे। जहां भाग्यश्री बिल्कुल शांत स्वभाव की थी, वहीं हिमालय सबसे शैतान बचों में से एक थे। भाग्यश्री क्लास की मॉनिटर थी, और हिमालय की शैतानियों की वजह से दोनों के बीच हमेशा लड़ाई होती थी, लेकिन दोनों को नहीं पता था कि यह लड़ाई प्यार में बदलने वाली है। स्कूल में एक दूसरे से लड़ाई के साथ दोनों पढ़ाई भी



साथ करते थे और स्कूल खत्म हो जाने के बाद भी गणित के विषय को समझने के लिए साथ मिलकर पढ़ाई करते थे।

एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने खुद बताया था कि वे गणित में बहुत कमजोर थीं और उसके लिए हिमालय की मदद लेती थी लेकिन एक दिन फोन पर हिमालय ने प्रपोज कर दिया। जब मैंने ये बात अपने पिता को बताई तो उन्होंने साफ-साफ मना करा दिया, जबकि उस वक्त मेरे मन में भी फीलिंग्स थीं। अपने पिता की बात मानकर उस वक्त भाग्यश्री ने हिमालय को रिजेक्ट कर दिया था, लेकिन दोनों की दोस्ती में कोई फर्क नहीं आया और कॉलेज में भी दोनों ने साथ पढ़ाई की। फिल्म मैंने प्यार किया की शूटिंग के दौरान भाग्यश्री और हिमालय दोनों के लिए मिलना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में भाग्यश्री ने अपने माता-पिता से उनकी और हिमालय की शादी की बात की, लेकिन वे राजी नहीं हुए।

## उत्तर कुमार के नए गाने आजा मेरी गाड़ी में की झलक ने बढ़ाया उत्साह, फैंस बोले- सुपरहिट है सॉन्ग

हरियाणवी फिल्म निर्माता-निर्देशक और कलाकार उत्तर कुमार एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसने उनके चाहने वालों के बीच उत्साह पैदा कर दिया। इस वीडियो के जरिए उन्होंने अपने नए गाने आजा मेरी गाड़ी में को देसी अंदाज में प्रमोट किया। इस पोस्ट के सामने आने के बाद फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि वह इस बार कुछ मजेदार और अलग लेकर आएंगे। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में उत्तर कुमार के साथ हरियाणवी अभिनेत्री अंजलि राघव भी नजर आ रही हैं। वीडियो में दोनों कलाकार गाने की कुछ लाइनों पर डांस करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो पूरी तरह देसी है।



वीडियो में गाने की लाइन के जरिए अंजलि राघव अपने गोरे होने पर घमंड दिखाती हैं। इसके जवाब में उत्तर कुमार भी बेहद दिलचस्प अंदाज अपनाते हैं। वे काले रंग की खूबियां गिनाने लगते हैं। वे काले काजल का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि आंखों की खूबसूरती और शान काले काजल से ही बढ़ती है। वीडियो के जरिए गाने के इस हिस्से का लुत्फ लोग जमकर उठा रहे हैं और प्यार बरसा रहे हैं। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री साफ देखने को मिल रही है। इस वीडियो को शेयर करते हुए उत्तर कुमार ने कैप्शन में लिखा, आजा मेरी गाड़ी में, जल्द आप देखेंगे मुझे और अंजलि राघव को साथ में। इस वीडियो के बाद फैंस गाने के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, उत्तर भाई, गाना सुपरहिट होने वाला है।

दूसरे यूजर ने उनकी जोड़ी को देसी धमाका बताया और लिखा, अंजलि राघव और उत्तर कुमार की जोड़ी मतलब पूरा देसी धमाका।

अन्य यूजर्स ने फायर और हार्ट इमोजी के साथ वीडियो की तारीफ की और लिखा, उत्तर कुमार का स्टाइल सबसे ऊपर है।, ईब गाड़ी में बैठने का मन कर गयाज जल्दी रिलीज करो गाना।

## सूजे पैर के साथ अनुपम खेर करने वाले हैं अपने नाटक का 499वां शो, बताया शो मस्ट गो ऑन का सही मतलब

70 साल की उम्र में भी हिंदी सिनेमा में अनुपम खेर का जलवा जारी है। अभिनेता एक के बाद एक उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। एक तरफ जहां अभिनेता अपने करियर की 55वीं फिल्म खोसला का घोसला-2 की शूटिंग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ थिएटर में भी अपने ऑटोबायोग्राफी कुछ भी हो सकता है का 499वां शो करने के लिए तैयार हैं। हालांकि आज अभिनेता बहुत नर्वस हैं क्योंकि उनके साथ एक समस्या भी खड़ी हो गई है। ऐसे में किसी परिस्थिति में हिम्मत न हारने वाले अनुपम खेर को आज शो मस्ट गो ऑन का असली मतलब भी समझ आ चुका है। अभिनेता का मानना है कि विषम परिस्थितियों में भी जब साहस दर्द से बड़ा हो और कोई भी ताकत आपको आगे बढ़ने से न रोक पाए, वही सचा जुनून है। दरअसल अभिनेता के ऑटोबायोग्राफी शो कुछ भी हो सकता है का आज 499वां शो है और उससे पहले ही उनके पैर में मोच आ गई है। हालांकि अभिनेता तनाव के साथ-साथ आज के शो के लिए पूरी जान लगाकर तैयारी भी कर रहे हैं।

उन्होंने वीडियो शेयर कर बताया, मैंने हमेशा सुना है शो मस्ट गो ऑन। मैं सोचता था, इसका असल मतलब क्या है? लेकिन आज मुझे समझ आ गया। इसका मतलब है कि ज़िंदगी आपके लिए सही परिस्थितियों का इंतज़ार नहीं करती। इसका मतलब है कि दर्द चुपचाप एक कोने में बैठा रह सकता है, जबकि साहस सबके सामने खड़ा रहेगा। इसका मतलब है कि मोच आया पैर आपके हौसले को नहीं तोड़ सकता।



अभिनेता ने यह भी कहा कि वो जिंदगी ही क्या, जिसमें उतार-चढ़ाव न हो और मंजिल कठिनाई से होकर न गुजरती हो। अनुपम खेर ने भी साफ किया कि ऑटोबायोग्राफी शो कुछ भी हो सकता है उनके जीवन की विफलताओं की कहानी है, जिन पर वे खुद हंसते हैं और मंच से दर्शकों को भी हंसाने की कोशिश करते हैं। वे अकेले पूरा मंच संभालते हैं और स्क्रिप्ट 127 पन्नों की होती है।

कुल मिलाकर अभिनेता आज सूजे पैर के साथ खचाखच भरे स्टेडियम में दर्शकों को एंटरटेन करने वाले हैं।

## शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार हैं ये नुस्खे, डॉक्टर या वैध का सलाह से अपनाएं

**मौसमी खाँसी के लिये सेंधा नमक**

सेंधा नमक की लगभग 5 ग्राम डली को चिमटे से पकड़कर आग पर, गैस पर या तवे पर अच्छी तरह गर्म कर लें। जब लाल होने लगे तब गर्म डली को तुरंत आधा कप पानी में डुबो कर निकाल लें और नमकीन गर्म पानी को एक ही बार में पी जाएँ। सोते समय लगातार दो-तीन दिन पीने से खाँसी, विशेषकर बलगमी खाँसी से आराम मिलता है। नमक की डली को सुखाकर रख लें, एक ही डली का बार-बार प्रयोग किया जा सकता है।

**बैठे हुए गले के लिये मुलेठी का चूर्ण**

मुलेठी के चूर्ण को पान के पत्ते में रखकर खाने से बैठा हुआ गला ठीक हो जाता है। या सोते समय एक ग्राम मुलेठी के चूर्ण को मुख में रख कर कुछ देर चबाते रहें। फिर वैसे ही मुँह में रखकर सो जाएँ, प्रातः काल तक गला साफ हो जायेगा।

**मुँह और गले के कष्टों के लिये:**

सौंफ और मिश्रीभोजन के बाद दोनों समय आधा चम्मच सौंफ चबाने से मुख की अनेक बीमारियाँ और सूखी खाँसी दूर होती है। बैठी हुई आवाज़ खुल जाती है, गले की खुश्की ठीक होती है और आवाज मधुर हो जाती है।

**खराश या सूखी खाँसी के लिये:**

अदरक और गुड़गले में खराश या सूखी खाँसी होने पर पिसी हुई अदरक में गुड़ और घी मिलाकर खाएँ। गुड़ और घी के स्थान पर शहद का प्रयोग भी किया जा सकता है।

**पेट में कीड़ों के लिये अजवायन और नमक:**

बच्चों के लिये आधा ग्राम अजवायन चूर्ण में स्वादानुसार काला नमक मिलाकर रात्रि को गर्म जल से दें। बड़ों के लिये चार भाग अजवायन चूर्ण में एक भाग काला नमक मिलाकर दो ग्राम की मात्रा सोने से पहले गर्म पानी के साथ लें।

**अरुचि के लिये मुनक्का हरड़ और चीनी:**

भूख न लगती हो तो बराबर मात्रा में मुनक्का (बीज निकाल दें), हरड़ और चीनी को पीसकर चटनी बना लें। पाँच-छह ग्राम (एक छोटा चम्मच) में थोड़ा शहद मिलाकर खाने से पहले दिन में दो बार चाटें।

**बदन के दर्द में कपूर और सरसों का तेल:**

10 ग्राम कपूर और 200 ग्राम सरसों का तेल शीशी में भरकर मजबूत ढक्कन लगा दें तथा धूप में रख दें। जब दोनों वस्तुएँ एक रस होकर घुल जाएँ तब इस तेल की मालिश करें।जोड़ों के दर्द के लिये बथुए का रसबथुआ के ताजा पत्तों का रस पन्द्रह ग्राम प्रतिदिन पीने से गठिया दूर होता है। नमक-चीनी आदि कुछ न मिलाएँ। नित्य प्रातः खाली पेट या शाम चार बजे लें, दो-तीन माह तक।

**पेट में वायु-गैस के लिये मट्ठा और अजवायन:**

पेट में वायु बनने पर भोजन के बाद 125 ग्राम दही के मट्ठे में दो ग्राम अजवायन और आधा ग्राम काला नमक मिलाकर खाएँ। एक से दो सप्ताह तक आवश्यकतानुसार लें।

**फटे हाथ-पैरों के लिये सरसों या जैतून का तेल:** नाभि में प्रतिदिन सरसों का तेल लगाने से होंठ नहीं फटते और फटे होंठ मुलायम हो जाते हैं। नेत्रों की खुजली और खुश्की भी दूर हो जाती है।

**सर्दी बुखार और साँस के पुराने रोगों के लिये:**

तुलसी की 21 पत्तियाँ स्वच्छ खरल पर चटनी की भाँति पीस लें और 10-30 ग्राम मीठे दही में मिलाकर नित्य प्रातः खाली पेट तीन मास तक खाएँ। यदि दही न सूट करे तो शहद मिलाएँ। छोटे बच्चों को आधा ग्राम तुलसी चटनी शहद में मिलाकर दें।

**अधिक क्रोध के लिये आँवले का मुरब्बा और गुलकंद:**

बहुत क्रोध आने पर सुबह आँवले का मुरब्बा एक नग खाएँ। शाम को गुलकंद एक चम्मच खाकर ऊपर से दूध पी लें।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com